भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान

खंडवा रोड, इंदौर – 452001

फा. सं.: प्रेस एवं मीडिया/प्रेस नोट/2026 दिनांक: 13.03.2026

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का एन.एस.आर.आई., इंदौर में सजीव वेबकास्ट

माननीय महानिदेशक, भा.कृ.अनु.परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान(एन.एस.आर.आई.), इंदौर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के वितरण कार्यक्रम का सजीव वेबकास्ट आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंदौर, सीहोर एवं खरगोन जिले के 141 कृषक तथा संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों समेत कुल 177 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक ने सोयाबीन फसल का महत्त्व तथा उत्पादन तकनीकी के विकास में राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान के योगदान को प्रस्तुत किया.

इस अवसर पर वेबकास्ट के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में 22वीं किस्त का हस्तानात्तरण किया। साथ ही असम के किसानों को भूमि का पट्टा वितरित किया एवं एकता मॉल का भी उद्घाटन किया गया। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए प्रधानमंत्री जी ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में संस्थान के अधिकारियों ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों से जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।